1. 1935 के भारत शासन अधिनियम में इनमें से कौनसी विशेषता नहीं थी?
   (1) केन्द्र में द्वैध शासन (Dyarchy)
   (2) संघीय न्यायालय (Federal Court) की स्थापना
   (3) अवशिष्ठ शक्तियाँ (Residury Powers) केन्द्रीय व्यवस्थापिका (Central Legislature) को प्रदान की गई
   (4) राज्य लोक सेवा आयोग की स्थापना व प्रावधान किया गया। [3]
2. संविधान के स्रोतों के सन्दर्भ में असंगत छांटिये–
   (1) संविधान संशोधन प्रणाली – द.अफ्रीका
   (2) आपातकालीन प्रावधान – ऑस्ट्रेलिया
   (3) मूल कर्त्तव्य – सोवियत संघ
   (4) संसदीय शासन प्रणाली – इंग्लैण्ड [2]
3. भूमि सुधार कानूनों (Land Reforms Laws) का उल्लेख कौनसी अनुसूची में है?
   (1) तृतीय (2) दसवीं
   (3) ग्यारहवीं (4) नौवीं [4]
4. प्रस्तावना में इनमें से कौनसे शब्द का उल्लेख है?
   (1) सहिष्णुता (2) शान्तिपूर्ण सअस्तित्व
   (3) राष्ट्रवाद (4) व्यक्ति की गरिमा [4]
5. भारत जो कि इंडिया है, इस प्रकार की शब्दावली का उल्लेख है?
   (1) प्रस्तावना (2) मूल कर्त्तव्य
   (3) अनुच्छेद एक (4) अनुसूची एक [3]
6. मूल संविधान में इनमें से इसका उल्लेख नहीं था?
   A. मूल कर्त्तव्य
   B. प्रस्तावना
   C. अन्तर्राज्य परिषद (Inter State Council)
   D. केन्द्रीय प्रशासनिक अभिकरण (Central Administrative Tribunal)
   (1) A, B (2) A, C, D
   (3) केवल A (4) A, D [4]
7. भारतीय संविधान सभा का निर्माण से सम्बन्धित कथनों पर विचार कीजिए–
   A. भारतीय संविधान सभा की पहली बैठक 9 दिसम्बर, 1946 को हुई।
   B. बी.एन.राव संविधान सभा के संवैधानिक सलाहकार नियुक्त किए गए।
   C. भारत के विभाजन के पश्चात् संविधान सभा की पुनः बैठक 15 अगस्त, 1947 को हुई।
   D. 26 जनवरी, 1950 से भारतीय संविधान लागू किया गया। परन्तु इसके कुछ प्रावधान 26 नवम्बर, 1949 से लागू हो गये थे।
   कूट :–
   उपर्युक्त में से कौनसा कथन असत्य है–
   (1) केवल B (2) केवल C
   (3) केवल D (4) कोई नहीं [4]

Join उत्कर्ष Vyas Bhwan, 1st A Road, Sardarpura, Jodhpur Tel. 0291-2630146, 9314030146

8. भारतीय नागरिकों को प्राप्त मूल अधिकार से सुमेलित कीजिए–

मूल अधिकार	अनुच्छेद
A. सरकारी नौकरियों में अवसर की समानता	1. अनुच्छेद 16
B. स्वतंत्रता का अधिकार	2. अनुच्छेद 19
C. संस्कृति और शिक्षा संबंधी अधिकार	3. अनुच्छेद 29
D. अल्पसंख्यकों के शिक्षा संबंधी अधिकार	4. अनुच्छेद 30

कूट :

	A	B	C	D
(1)	1	2	3	4
(2)	2	1	4	3
(3)	3	4	1	2
(4)	4	3	2	1

[1]

9. अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 प्रवृत्त हुआ है–

(1) 1 जुलाई, 1989
(2) 30 जनवरी, 1990
(3) 30 जुलाई, 1989
(4) 11 सितम्बर, 1989 [4]

10. भारत के महान्यायवादी से सम्बन्धित कथनों पर विचार कीजिए–

A. लोकसभा की कार्यवाही में भाग ले सकता है।
B. लोकसभा की किसी समिति का सदस्य हो सकता है।
C. लोकसभा में विचार प्रस्तुत कर सकता है।
D. लोकसभा में मतदान कर सकता है।

कूट :–

उपर्युक्त में से कौनसा कथन सत्य है–

(1) A, B, C
(2) C, D
(3) केवल A
(4) A, B, C, D [1]

11. लोकसभा अध्यक्ष के कार्य से सम्बन्धित कथन है–

A. स्पीकर यह प्रमाणित करता है कि कोई धन विधेयक है या नहीं।
B. किसी मुद्दे पर अगर सदन में समान मत पड़े हों, तो वह 'निर्णायक मत' का प्रयोग करता है।
C. अध्यक्ष का यह कर्त्तव्य है कि गणपूर्ति (कोरम) न होने पर वह सदन को स्थगित कर दे।
D. जब दोनों सदनों में गतिरोध के मुद्दे पर अनुच्छेद–108 के अनुसार व राज्यसभा का संयुक्त अधिवेशन बुलाया जाए, तो उसकी अध्यक्षता स्पीकर करता है।

कूट :–

उपर्युक्त में से कौनसा कथन सत्य है–

(1) A, B
(2) B, C
(3) C, B
(4) A, B, C, D [4]

Join उत्कर्ष Vyas Bhwan, 1st A Road, Sardarpura, Jodhpur Tel. 0291-2630146, 9314030146

12. सुमेलित कीजिए–

संविधान सभा समिति	सदस्य
A. संचालन समिति	1. सरदार वल्लभभाई पटेल
B. मूल अधिकार उप समिति	2. डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
C. संघीय संविधान समिति	3. जे.बी. कृपलानी
D. प्रांतीय संविधान समिति	4. जवाहरलाल नेहरू

कूट :

	A	B	C	D
(1)	2	3	4	1
(2)	3	2	4	1
(3)	4	1	3	2
(4)	1	2	3	4

[1]

13. भारतीय संविधान के निम्नांकित में से किस अनुच्छेद में 'राज्य' पद को परिभाषित किया गया है?

(1) अनुच्छेद 1 (2) अनुच्छेद 8
(3) अनुच्छेद 10 (4) अनुच्छेद 12 [4]

14. निम्नलिखित में से कौनसा कथन असत्य है?

(1) संघ सूची के विषयों पर संसद ही कानून बना सकती है।
(2) राज्य सूची के विषयों पर सामान्यतया राज्य के विधान मण्डल ही कानून बना सकते हैं।
(3) समवर्ती सूची के विषयों पर केन्द्र व राज्य दोनों कानून बना सकते हैं।
(4) अवशेष विषयों के संबंध में राज्य कानून बना सकते हैं। [4]

15. सुमेलित छांटिये–

आपातकाल	राष्ट्रपति
(1) 1962 के आपात की घोषणा	डॉ. के. राधाकृष्णन
(2) 1971 के आपात की घोषणा	वी.वी. गिरि
(3) 1975 के आपात की घोषणा	फखरुद्दीन अली अहमद

(4) उपर्युक्त सभी सुमेलित हैं। [4]

16. निम्नलिखित किन राज्यों में द्विसदनात्मक व्यवस्थापिका है?

A. आन्ध्रप्रदेश B. बिहार
C. उत्तरप्रदेश D. कर्नाटक
E. तमिलनाडू F. महाराष्ट्र

कूट :–

(1) A, B, C, D (2) A, C, E, F
(3) A, C, D, E (4) A, B, C, D, F [4]

Join उत्कर्ष Vyas Bhwan, 1st A Road, Sardarpura, Jodhpur Tel. 0291-2630146, 9314030146

17. राज्यपाल के संबंध में कौनसा कथन असत्य है–

A. उसकी नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा होती है।

B. वह राज्य के कामकाज के बारे में केन्द्र को सूचित करता रहता है।

C. वह राज्य सरकार को बर्खास्त कर सकता है।

D. वह राज्य सिविल सेवाओं का सभापति होता है।

कूट :–

(1) केवल C (2) A, B व C

(3) C व D (4) इनमें से कोई नहीं [3]

18. राज्य लोकसेवा आयोग के अध्यक्ष की नियुक्ति की शक्ति किसके पास होती है–

(1) राष्ट्रपति के पास

(2) राज्यपाल के पास

(3) मुख्यमंत्री के पास

(4) उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के पास [2]

19. भारतीय संविधान की उद्देशिका में शब्दावली जिस अनुक्रम में दी गई है वह है–

(1) लोकतंत्रात्मक, सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न, समाजवादी, पंथ निरपेक्ष, गणराज्य

(2) समाजवादी, सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य

(3) पंथ निरपेक्ष, सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न, समाजवादी, लोकतंत्रात्मक, गणराज्य

(4) सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक, गणराज्य [4]

20. भारत का उप राष्ट्रपति चुना जाता है–

(1) राज्यसभा के सदस्यों द्वारा

(2) लोकसभा के सदस्यों द्वारा

(3) संसद के दोनों सदनों के सदस्यों द्वारा

(4) संसद के दोनों सदनों के निर्वाचित सदस्यों द्वारा [3]

21. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में राज्य विधानसभा के गठन का प्रावधान है?

(1) अनुच्छेद 167 (2) अनुच्छेद 169

(3) अनुच्छेद 161 (4) अनुच्छेद 168 [4]

22. पंचायती राज किस सिद्धान्त पर आधारित है–

(1) केन्द्रीयकरण (2) विकेन्द्रीकरण

(3) लोकतान्त्रिक विकेन्द्रीकरण (4) लोकतान्त्रिक केन्द्रीकरण [3]

23. रंगराजन समिति ने भारत में गरीबी रेखा के नीचे की जनसंख्या का प्रतिशत कितना आंकलित किया है?

(1) 27.2% (2) 21.7%

(3) 29.5% (4) 22.2% [3]

Join उत्कर्ष Vyas Bhwan, 1st A Road, Sardarpura, Jodhpur Tel. 0291-2630146, 9314030146

24. निर्धनता व बेरोजगारी दोनों पर एक साथ तीव्र प्रहार करने के लिए किस कार्यक्रम पर सर्वाधिक ध्यान दिया जाना चाहिए?
(1) पंचवर्षीय योजना में 8% वृद्धि–दर प्राप्त करने पर
(2) जनसंख्या की वृद्धि दर को घटाने पर एवं पंचवर्षीय योजना में 8% वृद्धि–दर प्राप्त करने पर।
(3) केन्द्र के राजकोषीय घाटे को पूर्णतया समाप्त करने पर
(4) न्यूनतम शासन व अधिकतम सरकारी तंत्र का उपयोग करने पर [2]

25. बजट पास किया हुआ या पारित कब माना जाता है?
(1) जब विनियोग (appropriation bill) – विधेयक (मुद्रा–विधेयक) पारित हो जाये
(2) जब वित्त–विधेयक (finance bill) पारित हो जाये।
(3) जब विनियोग–विधेयक व वित्त–विधेयक दोनों पारित हो जाये।
(4) जब बजट पर राष्ट्रीय अपनी स्वीकृति प्रदान कर दे। [3]

26. ''भारतीय रिजर्व बैंक'' से सम्बन्धित कथनों पर विचार कीजिए–
(A) RBI विधेयक 1934 के तहत 1 अप्रैल, 1935 को RBI की स्थापना की गयी।
(B) RBI का प्रमुख कार्य देश में करेंसी के निर्गम का संचालन करना।
(C) RBI का संचालन एक बोर्ड द्वारा किया जाता है जिसमें 20 सदस्य होते हैं।
(D) 2 रु. व अधिक मूल्य के नोट RBI द्वारा जारी किये जाते हैं।
कूट –
उपर्युक्त में से सत्य कथन है–
(1) A, B (2) D, C
(3) B, D (4) 1 व 2 दोनों [4]

27. भारत में राष्ट्रीय आय की गणना निम्नलिखित में से किसके द्वारा की जाती है?
(1) योजना आयोग (2) वित्त मंत्रालय
(3) केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन (CSO)
(4) रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (RBI) [3]

28. सार्वजनिक क्षेत्र से तात्पर्य है–
(1) वाणिज्य एवं व्यापार पर सरकार का नियंत्रण
(2) वाणिज्य एवं व्यापार पर निजी स्वामित्व
(3) वाणिज्य एवं व्यापार पर धनिकों का स्वामित्व
(4) वाणिज्य एवं व्यापार पर मौलिक रूप से निजी स्वामित्व, जिन्हें सरकार ने ले लिया है। [1]

29. निम्न में से किसको मुद्रास्फीति की दशा मानी जायेगी–
(1) अचानक बाजार में प्याज का भाव 100 रु. किलो हो जाना।
(2) कुछेक वस्तुओं की कीमतों में निरंतर वृद्धि की दशा का पाया जाना।
(3) वस्तुओं की कीमतों में भारी वृद्धि होना
(4) वस्तुओं के सामान्य कीमत–स्तर में निरंतर वृद्धि की दशा का पाया जाना। [4]

Join उत्कर्ष Vyas Bhwan, 1st A Road, Sardarpura, Jodhpur Tel. 0291-2630146, 9314030146

30. 'प्रधानमंत्री की जन–धन योजना' से राजस्थान को क्या लाभ होगा?
(1) वित्तीय समावेशन में मदद मिलेगी
(2) गरीब लोग बैंकों से जुड़ सकेंगे
(3) दुर्घटना की स्थिति में आर्थिक सम्बल मिल सकेगा – 1 लाख रुपये की बीमा व्यवस्था की बदौलत
(4) उपरोक्त सभी [4]

31. सुमेलित कीजिए–

सेज व औद्योगिक क्षेत्र	जिला
A. जैम्स व ज्यूलरी	1. सीतापुरा, जयपुर
B. दस्तकारी (Handicraft)	2. बोरानाडा, जोधपुर
C. महिन्द्रा व महिन्द्रा	3. अजमेर रोड, जयपुर
D. जापानी क्षेत्र	4. नीमराना, अलवर गिलोठ

कूट :

	A	B	C	D
(1)	1	2	3	4
(2)	2	3	4	1
(3)	3	4	2	1
(4)	4	3	2	1

[1]

32. भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) बैंकरों के बैंक (केन्द्रीय बैंक) के रूप में कार्य करता है। सम्बन्धित कथनों पर विचार कीजिये–
A) अन्य बैंक RBI के पास अपनी जमा संचित रखते हैं।
B) आवश्यकता के समय RBI वाणिज्यिक बैंकों को ऋण देता है।
C) RBI वाणिज्यिक बैंकों को मौद्रिक विषयों पर परामर्श देता है।
कूट –
उपर्युक्त में से सत्य कथन है–
(1) B, C (2) A, B
(3) A, C (4) A, B, C [4]

33. निम्न कथनों पर विचार कीजिए–
किसी मुद्रा का अंतर्राष्ट्रीय बाजार में मूल्य –
A) विश्व बैंक निर्धारित करता है
B) संबंधित देश द्वारा प्रदत्त वस्तुओं/सेवाओं की कितनी मांग है, से निर्धारित होता है
C) संबंधित देश की सरकार की स्थिरता से निर्धारित होता है।
D) संबंधित देश की आर्थिक सम्भाव्यता से निर्धारित होता है।
उपर्युक्त में से कौनसा कथन सत्य नहीं है–
(1) A, B, C, D (2) B, C
(3) C, D (4) A, D [4]

Join उत्कर्ष Vyas Bhwan, 1st A Road, Sardarpura, Jodhpur Tel. 0291-2630146, 9314030146

34. सुमेलित कीजिए–

उपवेद	जन्मदाता
A. आयुर्वेद	1. विश्वामित्र
B. धनुर्वेद	2. प्रजापति
C. गधर्ववेद	3. नारद
D. शिल्पवेद	4. विश्वकर्मा

कूट :

	A	B	C	D
(1)	1	2	3	4
(2)	2	1	3	4
(3)	3	2	1	4
(4)	4	3	2	1

[2]

35. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–

A. वज्जि संघ 'आठ राज्यों' का संघ था जिसमें सबसे प्रमुख वैशाली के लिच्छवी थे।

B. 16 महाजनपदों में से एकमात्र 'अश्मक' दक्षिण भारत में स्थित था।

C. अंगुत्तर निकाय में 16 महाजनपदों का वर्णन मिलता है।

D. महाजनपद काल में गणराज्यों के प्रतिनिधियों की संस्था को संस्थागार कहते थे।

E. काशी महाजनपद विशाल मन्दिर के लिए प्रसिद्ध था।

कूट :

निम्न में से असत्य कथन का चयन कीजिए–

(1) A, B
(2) केवल D
(3) इनमें से कोई नहीं
(4) केवल E

[4]

36. 1857 के विद्रोह में निम्न घटनाओं का सही कालक्रम क्या है?

A. एक बार फिर दिल्ली को मुगल साम्राज्य की स्वतन्त्र राजधानी घोषित करना।

B. कानपुर में विद्रोह तथा मुगल बादशाह के अधीन नाना साहब को राजा घोषित करना।

C. तांत्या टोपे को फांसी

D. सिपाहियों की दिल्ली कूच और लाल किले में उनका प्रवेश

सही कूट का चयन करें

(1) D, A, B, C
(2) C, D, A, B
(3) B, C, D, A
(4) D, A, C, B

[1]

Join उत्कर्ष Vyas Bhwan, 1st A Road, Sardarpura, Jodhpur Tel. 0291-2630146, 9314030146

37. सुमेलित कीजिए–

ग्रन्थ	धर्म
A. आचारांग सूत्र	1. वैदिक
B. अंगुत्तर निकाय	2. भागवत
C. पांचरात्र संहिता	3. जैन
D. वाजसनेयी संहिता	4. बौद्ध

कूट :

	A	B	C	D
(1)	4	3	1	2
(2)	3	4	2	1
(3)	2	1	4	3
(4)	1	2	3	4

[2]

38. मुगलों की मनसबदारी व्यवस्था के विषय में निम्न कथनों पर विचार कीजिये–

A. अकबर ने मनसबदारी प्रथा प्रारम्भ की थी।

B. मनसबदारों का श्रेणीकरण उनकी जातों और सवारों के आधार पर होता था।

C. मनसबदार केवल सैन्य अधिकारी थे।

सही कूट का चयन कीजिए–

(1) केवल A (2) केवल B

(3) A, B दोनों (4) इनमें से कोई नहीं [3]

39. प्रथम तीन बौद्ध संगीतियों तथा तत्कालीन शासकों का सही क्रम चुनिये–

A. प्रथम	1. अशोक
B. द्वितीय	2. अजातशत्रु
C. तृतीय	3. कालाशोक

कूट :

	A	B	C
(1)	1	2	3
(2)	2	3	1
(3)	3	2	1
(4)	2	1	3

[2]

40. सुमेलित कीजिए–

संधि	सन्
A. मंगलौर की संधि	1. 1784
B. तालीकोटा	2. 1565
C. वाण्डीवास	3. 1760
D. बक्सर	3. 1764

कूट :

	A	B	C	D
(1)	1	2	3	4
(2)	2	3	4	1
(3)	3	2	1	4
(4)	4	3	2	1

[1]

Join उत्कर्ष Vyas Bhwan, 1st A Road, Sardarpura, Jodhpur Tel. 0291-2630146, 9314030146

41. निम्न कथनों पर विचार कीजिए–
   कथन (I) – टीपू सुल्तान ने स्वतंत्रता का वृक्ष लगाया था।
   कारण (II)– वह फ्रांसीसी क्रान्ति से प्रभावित था।
   (1) कथन सत्य है, कारण असत्य है (2) कारण सत्य है, कथन असत्य है
   (3) कथन व कारण दोनों सत्य है (4) कथन व कारण दोनों असत्य है
   [3]

42. निम्नलिखित घटनों पर विचार कीजिए–
   A. होमरूल लीग का गठन
   B. राजद्रोह के आरोप में तिलक को छः वर्षों का निर्वासन
   C. सैन्फ्रांसिस्को में गदर पार्टी का गठन
   D. गांधीजी का चम्पारण सत्याग्रह
   कूट –
   उपरोक्त घटनाओं का सही कालानुक्रम है–
   (1) B, A, D, C (2) B, C, A, D
   (3) C, B, A, D (4) B, A, C, D [2]

43. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–
   A. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने प्रथम गोलमेज सम्मेलन का बहिष्कार किया।
   B. द्वितीय गोलमेज सम्मेलन में गांधीजी ने भाग लिया।
   C. द्वितीय गोलमेज सम्मेलन के उपरान्त गांधी–इरविन समझौता हस्ताक्षरित हुआ।
   D. साम्प्रदायिक पंचाट गोलमेज सम्मेलनों से संबद्ध है।
   सही कूट का चयन कीजिए–
   (1) A, B, C (2) A, C, D
   (3) A, B, D (4) B, C, D [3]

44. निम्न में से कौनसा कथन असत्य है–
   (1) हड़प्पा सभ्यता को काँस्य–युगीन सभ्यता कहा जाता है।
   (2) हड़प्पा सभ्यता में लोथल, चन्हुदड़ो व बालकोट औद्योगिक बस्तियाँ थी, परन्तु सबसे प्रमुख औद्योगिक बस्ती चन्हुदड़ो थी।
   (3) धौलावीरा हड़प्पा सभ्यता का एकमात्र त्रिस्तरीय नगर था
   (4) स्टुअर्ट पिग्गट ने हड़प्पा व मोहनजोदड़ो को 'हड़प्पा सभ्यता की जुड़वा राजधानियाँ' कहा। [4]

45. गायत्री मंत्र के नाम से प्रसिद्ध मंत्र सर्वप्रथम किस ग्रन्थ में मिलता है?
   (1) भगवद् गीता (2) अथर्ववेद
   (3) ऋग्वेद (4) मनुस्मृति [3]

46. दक्कन अधित्यका के (Deccan Plateau) के उत्तर–पूर्व में कौनसी अधित्यका है?
   (1) छोटा नागपुर अधित्यका (2) मालवा अधित्यका
   (3) दक्कन अधित्यका (4) विन्ध्य श्रेणी [1]

Join उत्कर्ष Vyas Bhwan, 1st A Road, Sardarpura, Jodhpur Tel. 0291-2630146, 9314030146

47. $82\frac{1}{2}^{0}$ पूर्वी देशान्तर भारत के लिए इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि–
(1) यह भारत के उष्णकटिबंधीय जलवायु पर प्रभाव डालता है।
(2) यह भारतीय मानक समय का निर्धारण करता है।
(3) यह भारत को पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्रों में विभाजित करता है।
(4) यह पूर्वी भारत में स्थानीय समय निर्धारित करने में सहायक होता है। [2]

48. निम्न नदियों को दक्षिण से उत्तर के क्रमानुसार रखिये?
A) कावेरी B) कृष्णा
C) गोदावरी D) महानदी
कूट –
(1) A, B, C, D (2) B, A, C, D
(3) C, B, A, D (4) D, A, B, C [1]

49. कर्क रेखा भारत के किस राज्य से नहीं गुजरती है?
(1) मध्यप्रदेश (2) छत्तीसगढ़
(3) त्रिपुरा (4) मणिपुर [4]

50. सुमेलित कीजिए–
स्थानान्तरी कृषि से सम्बन्धित –

देश	कृषि नाम
A. ब्राजील	1. रोका
B. फिलीपिंस	2. चेनगिन
C. इण्डोनेशिया	3. लैडान
D. श्रीलंका	4. पोडू
E. आंध्रप्रदेश	5. चेना

कूट :

	A	B	C	D	E
(1)	1	2	3	4	5
(2)	1	3	2	4	5
(3)	1	2	3	5	4
(4)	1	3	2	5	4

[3]

51. खरीफ और रबी से सम्बन्धित कथनों में से कौनसा कथन असत्य है?
(1) खरीफ महीना वर्षा ऋतु के प्रारम्भ में आता है और बसंत ऋतु के अन्त में फसल काटी जाती है।
(2) खरीफ महीना वर्षा ऋतु के आरम्भ में आता है और शरद ऋतु में फसल काटी जाती है।
(3) रबी महीना वर्षा के बाद ऋतु में प्रारम्भ होता है और बसंत ऋतु के अन्त में फसल काटी जाती है।
(4) खरीफ के मुख्य धान्य है, चावल, बाजरा, पटसन, मक्का और कपास, रबी के प्रमुख धान्य है गेहूँ, चना, जौ और अलसी [1]

Join उत्कर्ष Vyas Bhwan, 1st A Road, Sardarpura, Jodhpur Tel. 0291-2630146, 9314030146

52. कुल्लू घाटी इनकी पर्वतीय श्रेणियों (पर्वत मालाओं) के बीच स्थित है।
(1) लद्दाख और पीर पंजाल (2) रनजोति और नागटिब्बा
(3) लेसेर हिमालय और शिवालिक (4) धौलाधार और पीर पंजाल [4]

53. निम्न में से कौनसा कथन असत्य है–
(1) चाय – असम (2) मूँगफली – बिहार
(3) नारियल – केरल (4) गन्ना – उत्तरप्रदेश [2]

54. सुमेलित कीजिए–

रेगिस्तान	स्थान
A. कालाहारी	1. दक्षिण अमेरिका
B. अटाकामा	2. ऑस्ट्रेलिया
C. थार	3. अफ्रीका
D. ग्रेट विक्टोरिया	4. एशिया

कूट :

	A	B	C	D
(1)	1	2	3	4
(2)	3	1	4	2
(3)	4	3	2	1
(4)	2	3	1	4

[2]

55. डोलड्रम कटिबंध स्थित है–
(1) भूमध्य रेखा के निकट (2) ध्रुवीय क्षेत्र के निकट
(3) कर्क रेखा पर (4) मकर रेखा पर [1]

56. हजीरा–बीजापुर–जगदीशपुर (एच.बी.जे) गैस पाइप–लाइन निम्नलिखित में से किस प्राधिकरण द्वारा निर्मित की गई है–
(1) गैस अथॉरिटी ऑफ लिमिटेड (2) ऑइल इंडिया लिमिटेड
(3) इंडियन ऑइल कंपनी (4) हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड
[1]

57. निम्नलिखित में से किनमें प्रवाल– भित्तियां है–
A) अण्डमान और निकोबार द्वीप समूह B) कच्छ की खाड़ी
C) मन्नार की खाड़ी D) सुन्दरवन
कूट –
उपर्युक्त में से सत्य कथन है–
(1) A, B, C (2) B, D
(3) A, C (4) A, B, C, D [1]

Join उत्कर्ष Vyas Bhwan, 1st A Road, Sardarpura, Jodhpur Tel. 0291-2630146, 9314030146

58. निम्न कथनों पर विचार कीजिए–

A) हिमालय की सर्वोच्च पर्वत चोटी माउण्ट एवरेस्ट है जो कि नेपाल देश में है।

B) काराकोरम पर्वतमाला अंगारालैण्ड का भाग है।

C) जूरा पर्वतमाला फ्रांस और स्विट्जरलैण्ड के मध्य सीमा बनाता है।

D) एण्डीज पर्वतमाला की सर्वोच्च ऊँची चोटी माउण्ट मिशेल/मिचेल है।

कूट –

उपर्युक्त में से सत्य कथन है–

(1) A, B व D (2) A, C व D

(3) A, B, C (4) A, B, C, D [3]

59. अश्रु गैस (Tear Gas) का रासायनिक नाम (Chemical Name) है–

(1) एसीटोफीनोन (2) बेंजीफीनोन

(3) ब्रोमो एसीटोफीनोन (4) क्लोरोएसीटोफीनोन [4]

60. अम्लीय वर्षा (Acid Rain) का मिश्रण है–

(1) ऑक्सीजन और कार्बन गैस

(2) गन्धक (Sulphur) और शोरे का अम्ल

(3) ऑक्सीजन और गन्धक और शोरे (Nitric Acid) का अम्ल

(4) कार्बन गैसें, गन्धक और शोरे का अम्ल [2]

61. काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान किसके लिये प्रसिद्ध है?

(1) प्रोजेक्ट टाइगर

(2) द्विश्रृंगी गैंडा (Double Horn Rhino)

(3) एक श्रृंगी गैंडा (Single Horn Rhino)

(4) ऑपरेशन फ्लड [3]

62. निम्नलिखित में से किस एक में जैव विभिन्नता (Bio Diversity) सर्वाधिक होगी?

(1) मरुस्थल

(2) उष्ण कटिबन्धीय वन (Tropical Rain Forest)

(3) बर्फ से ढका पहाड़

(4) घास के मैदान [2]

63. नाभिकीय विखण्डन (Nuclear Fission) तथा नाभिकीय संलयन (Nuclear Fusion) क्रिया में विमुक्त ऊर्जा का कारण है–

(1) विद्युत ऊर्जा का परिवर्तन (2) गुरुत्वीय ऊर्जा का परिवर्तन

(3) रासायनिक क्रिया (4) द्रव्यमान का ऊर्जा में परिवर्तन [4]

Join उत्कर्ष Vyas Bhwan, 1st A Road, Sardarpura, Jodhpur Tel. 0291-2630146, 9314030146

64. हीटर का तार अत्यधिक गर्म होने पर भी प्रभावहीन रहता है, जबकि फ्यूज तार गलकर टूट जाता है ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि

(1) हीटर का तार मजबूत लोहे का होता है जबकि फ्यूज बेजान लोहे का बनाया जाता है।

(2) हीटर के तार में विद्युत की मात्रा कम होती है जबकि फ्यूज तार में विद्युत की मात्रा अधिक होती है

(3) हीटर के तार की धातु का गलनांक (Melting Point) तथा विशिष्ट प्रतिरोध (Specific Resistance) ऊँचा होता है जबकि फ्यूज तार का नीचा होता है।

(4) उपरोक्त में से कोई नहीं [3]

65. प्रेशर कुकर में खाना जल्दी पकता है, क्योंकि

(1) अधिक दाब पर पानी कम तापक्रम पर उबलने लगता है

(2) अधिक दाब पर पानी अधिक तापक्रम पर उबलने लगता है

(3) पानी 100^0C पर ही उबलता है लेकिन अधिक दाब पर ऊष्मा की मात्रा अधिक होती है।

(4) कुकर के अन्दर संवहन धाराएँ उत्पन्न हो जाती हैं [2]

66. 'कैगा' परमाणु रिएक्टर कौनसे राज्य में स्थित है?

(1) गुजरात (2) तमिलनाडु

(3) महाराष्ट्र (4) कर्नाटक [4]

67. निम्नलिखित में कौनसी गैस ओजोन परत के अवक्षय (Ozone Depletion) के लिये उत्तरदायी है?

(1) कार्बन डाइऑक्साइड (2) कार्बन मोनोऑक्साइड

(3) नाइट्स ऑक्साइड (4) क्लोरो फ्लोरो कार्बन [4]

68. विश्व वन्य जीवन कोष (World Wildlife Fund) द्वारा प्रतीक के रूप में किस पशु को लिया गया है?

(1) भालू (Bear) (2) चीता (Tiger)

(3) हिरन (Deer) (4) पांडा (Panda) [4]

69. आम तौर पर समाचारों में आने वाला रियो + 20 (Rio +20) सम्मेलन क्या है?

(1) यह धारणीय विकास (सस्टेनेबल डेवलपमेंट) पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन है।

(2) यह विश्व व्यापार संगठन की मंत्रीवर्गीय (मिनि स्टीरियल) बैठक है

(3) यह जलवायु परिवर्तन पर अंतर सरकारी पैनल (इंटर–गवर्नमेंटल पैनल ऑफ क्लाइमेंट चैंज) का सम्मेलन है।

(4) यह जैव विविधता पर कन्वेंशन के सदस्य देशों का सम्मेलन है [1]

Join उत्कर्ष Vyas Bhwan, 1st A Road, Sardarpura, Jodhpur Tel. 0291-2630146, 9314030146

70. जेनेटिक इंजीनियरिंग अनुमोदन समिति का गठन निम्नलिखित में से किसके अधीन किया गया है?
(1) खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006
(2) माल के भौगोलिक उपदर्शन (रजिस्ट्रीकरण और संरक्षण) अधिनियम (जियोग्राफिकल इंडिकेशस ऑफ गुड्स (रजिस्ट्रेशन एवं प्रोटेक्शन) ऐक्ट), 1999
(3) पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986
(4) वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 [3]

71. निम्न में से कौन–सा एक, 'पारितंत्र (इकोसिस्टम)' शब्द का सर्वोत्कृष्ट वर्णन है?
(1) एक–दूसरे अन्योन्यक्रिया करने वाले जीवों (ऑर्गनिज्म्स) का एक समुदाय।
(2) पृथ्वी का वह भाग जो सजीव जीवों (लिविंग ऑर्गनिज्म्स) द्वारा आवासित है
(3) जीवों का समुदाय और साथ ही वह पर्यावरण जिसमें वे रहते है।
(4) किसी भौगोलिक क्षेत्र के वनस्पतिजात व प्राणिजात [3]

72. पारितंत्र में खाद्य श्रृंखलाओं के संदर्भ में, निम्नलिखित में से किस प्रकार का/के जीव अपघटक जीव कहलाता है/कहलाते हैं?
A. विषाणु B. कवक C. जीवाणु
नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।
कूट :–
(1) केवल A (2) केवल B और C
(3) केवल A और C (4) A, B और C [2]

73. जेनेटिक – इंजीनियरिंग में निम्न में से किसका प्रयोग होता है–
(1) प्लास्टिड (2) प्लास्मिड
(3) माइटोकॉण्ड्रिया (4) राइबोसोम [2]

74. जीव के क्लोन के सम्बन्ध में निम्न में से कौन–सा कथन सही है?
(1) क्लोन में माता–पिता दोनों के लक्षण पाए जाते हैं।
(2) क्लोन अलैंगिक विधि से उत्पन्न किया जाता है।
(3) एक समान जुड़वा एक ही जीव के क्लोन होते है।
(4) एक जीव के दो क्लोन एकसमान नहीं होते है। [2]

75. निम्न कथनों पर विचार करो–
A. रेस्ट्रिक्शन एण्डो न्यूक्लियेजेज एन्जाइम को D.N.A. की कैंची कहते हैं।
B. आनुवंशिक अभियांत्रिकी में वाहक के रूप में प्लाज्मिक का उपयोग किया जाता है।
C. सुनहरा चावल आनुवंशिक अभियांत्रिकी से बनाया गया है।
सही कथन है–
(1) A व B (2) B व C
(3) A व C (4) A, B व C [4]

Join उत्कर्ष Vyas Bhwan, 1st A Road, Sardarpura, Jodhpur Tel. 0291-2630146, 9314030146

76. कथन (A) : नैनो स्तर पर पदार्थ की कार्य क्षमता अधिक होती हैं।
कथन (R) : नैनो स्तर पर सतह अधिक होती है।
सही है–
(1) A तथा R दोनों सही तथा R, A की सही व्याख्या करता है।
(2) A तथा R दोनों सही है, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।
(3) A सही है लेकिन R गलत है।
(4) A गलत है लेकिन R सही हैं। [1]

77. अक्सर सुर्खियों में रहने वाली स्टेम कोशिकाओं के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन–सा/से कथन सही है/हैं?
A. स्टेम कोशिकाऐं केवल स्तनपायी जीवों से ही प्राप्त की जा सकती हैं।
B. स्टेम कोशिकाएँ नई औषधियों को परखने के लिए प्रयोग की जा सकती हैं।
C. स्टेम कोशिकाएँ चिकित्सा थेरेपी के लिए प्रयोग की जा सकती हैं।
निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए–
(1) केवल A और B (2) केवल B और C
(3) केवल C (4) A, B और C [2]

78. निम्न में से कौनसा कथन सही है–
A. 4 जून 2016 को जयपुर, जोधपुर उदयपुर की हवा में प्रदूषण के स्तर की जानकारी एवं चेतावनी हेतु मोबाइल एप "राजवायु" लाँच किया गया।
B. इस एप को राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा यूनिसेफ राजस्थान तथा केन्द्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सहयोग से तैयार किया गया।
C. औद्योगिक क्षेत्रों में प्रदूषण की मॉनीटरिंग के लिए राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं राजकॉम्प द्वारा तैयार मोबाइल एप "दृष्टि" का शुभारम्भ श्रीमति वसुंधरा राजे ने किया।
D. केन्द्र सरकार के मौसम विभाग द्वारा संचालित "सफर" इंडिया (वायु की गुणवता, मौसम पूर्वानुमान एवं अनुसंधान के लिए नेटवर्क) से जुड़ने वाला राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड देश का पहला बोर्ड है।
(1) केवल A, D (2) B, C
(3) A, C (4) A, B, C,D [4]

निर्देश :– यहाँ दिये वृत्त लेखाचित्र में एक परिवार द्वारा वर्ष 1998 में विभिन्न मदों पर किए खर्च दर्शाया गया है, चित्र का अध्ययन करके प्रश्न 79 से 80 के उत्तर दीजिए।



Join उत्कर्ष Vyas Bhwan, 1st A Road, Sardarpura, Jodhpur Tel. 0291-2630146, 9314030146

79. यदि 1998 का कुल खर्च 46,000 रूपए था, तो भोजन की मद में किया गया खर्च कितना था–

(1) 2000 रू. (2) 10580 रू.

(3) 23000 रू. (4) 2300 रू. [2]

80. यदि कुल खर्च 46,000 रूपए था, तो वस्त्रों और आवास पर कुल कितना खर्च हुआ–

(1) 11500 रू. (2) 1150 रू.

(3) 10000 रू. (4) 2300 रू. [1]

81. तीन व्यक्ति A, B व C किसी मैदान का चक्कर क्रमशः 10 min., 12 min. एवं 15 min. में लगाते हैं। यदि वे तीनों एक साथ एक ही दिशा में प्रातः 10:00 बजे दौड़ना प्रारम्भ करे तो बताओ वे पुनः एक साथ कितने बजे होंगे?

(1) 10:40 am (2) 11:00 am

(3) 11:10 am (4) 11:30 am [2]

82. 20 प्रेक्षणों का माध्य एक विद्यार्थी ने 27.2 प्राप्त किया। पुनः जाँच में ज्ञात हुआ कि उसने 17 को गलती से 71 लिखा था। प्रेक्षणों का सही माध्य है–

(1) 24.5 (2) 25.2

(3) 25.8 (4) 26.1 [1]

83. A का 30%, B के 40% के बराबर है। बताओ B, A का कितना % है?

(1) 72% (2) 75%

(3) 80% (4) 82% [2]

84. एक व्यापारी किसी वस्तु को 5% लाभ पर बेचने का दावा करता है, किंतु 500 gm. के स्थान पर 400 gm. ही तौलता है। व्यापारी का लाभ % कितना है?

(1) 25% (2) 28.5%

(3) 30% (4) 31.25% [4]

85. $\frac{1}{1.2}+\frac{1}{2.3}+\frac{1}{3.4}+----+\frac{1}{n(n+1)}$ बराबर है–

(1) $\frac{1}{n+1}$ (2) $\frac{n}{n+1}$

(3) $\frac{n+1}{n}$ (4) $n(n+1)$ [2]

86. सुधा, राहुल के बारे में अपनी एक सहेली से कहती है कि 'वह मेरे सगे भाई के दादा का इकलौता पुत्र है' तो बताएँ कि सुधा, राहुल से किस प्रकार सम्बन्धित है?

(1) माता (2) चाची

(3) बहन (4) पुत्री [4]

Join उत्कर्ष Vyas Bhwan, 1st A Road, Sardarpura, Jodhpur Tel. 0291-2630146, 9314030146

87. निम्नलिखित अनुक्रम का अध्ययन कीजिए और प्रश्न का उत्तर दीजिए–

1 2 3 5 4 5 6 7 9 4 8 4 5 5 4 8

इस अनुक्रम में कितने ऐसे उदाहरण है, जिनमें एक संख्या के बाद विषम संख्या है, लेकिन उसके पहले विषम संख्या नहीं है?

(1) 1 (2) 2 (3) 3 (4) 4 [4]

88. कितने अंक (शून्य सहित) जल में देखने पर समान दिखते हैं?

(1) 1 (2) 2 (3) 3 (4) 4 [3]

89. नीचे एक पासे की दो स्थितियाँ दी हुई है। 2 की विपरीत सतह पर कौन–सा अंक होगा–

(1) 5 (2) 1 (3) 3 (4) 4 [2]

90. दी गई आकृति में रिक्त स्थान पर कौनसी संख्या आएगी?



(1) 8 (2) 10 (3) 14 (4) 16 [3]

91. निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न वाचक चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

B, B, A, D, Z, F, Y, H, X, ?

(1) M (2) P (3) O (4) J [4]

92. नीचे दी गई आकृति में कितने त्रिभुज तथा वर्ग हैं?



(1) 28 त्रिभुज, 5 वर्ग (2) 24 त्रिभुज, 4 वर्ग

(3) 28 त्रिभुज, 4 वर्ग (4) 24 त्रिभुज, 5 वर्ग [1]

Join उत्कर्ष Vyas Bhwan, 1st A Road, Sardarpura, Jodhpur Tel. 0291-2630146, 9314030146

93. नीचे दी गई इकाइयों को सामान्य से विशिष्ट के क्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए–

A) परिवीक्षा B) साक्षात्कार

C) चयन D) नियुक्ति

E) विज्ञापन F) आवेदन

(1) E, F, C, B, D, A (2) E, F, D, B, C, A

(3) F, E, D, B, C, A (4) E, F, B, C, D, A [4]

94. निम्नलिखित आरेख पर विचार कीजिए, जहाँ आयत, त्रिभुज, वर्ग, वृत्त क्रमशः सरकारी कर्मचारियों, शहरी लोगों, क्लर्क तथा स्नातकों को निरूपित करता है–



निम्नलिखित कथनों में कौन–सा एक सत्य है?

(1) सभी शहरी लोग स्नातक है।

(2) कुछ क्लर्क सरकारी कर्मचारी है पर शहरी नहीं

(3) सभी सरकारी कर्मचारी क्लर्क है

(4) कुछ शहरी लोग स्नातक नहीं है [4]

95. एक व्यावसायिक सम्मेलन में 10 व्यक्तियों ने भाग लिया। सम्मेलन के अन्त में प्रत्येक व्यक्ति ने प्रत्येक व्यक्ति से हस्त मिलाप किया। बताइए कि इस दौरान कुल कितनी बार हस्त मिलाप किया गया?

(1) 120 (2) 45 (3) 55 (4) 90 [2]

96. निम्नलिखित विकल्पों में से वह शब्द चुनिए जो दिए गए शब्द के अक्षरों का प्रयोग करके बनाया जा सकता है–

D E T E R M I N A T I O N

(1) DECLARATION (2) NATIONAL

(3) TERMINATED (4) DEVIATION [3]

97. यदि किसी सांकेतिक भाषा में Come again को ho na, Come over here को Pa na ta और Over and Obove को Ki ta Ja लिखा जाता है, तो here को उसी भाषा में कैसे लिखा जाएगा?

(1) Pa (2) na (3) ta (4) ja [1]

Join उत्कर्ष Vyas Bhwan, 1st A Road, Sardarpura, Jodhpur Tel. 0291-2630146, 9314030146

98. प्रजामण्डल से सम्बन्धित निम्न कथनों पर विचार कीजिये–

A. जयपुर में राजनैतिक चेतना लाने का श्रेय अर्जुनलाल सेठी को जाता है।

B. 1 अगस्त, 1944 को भोगीलाल पांड्या ने डूंगरपुर प्रजामण्डल की स्थापना की।

C. जैसलमेर में राजनैतिक चेतना लाने का श्रेय रघुनाथ सिंह को है।

D. सागरमल गोपा ने जेल में 'आजादी के दीवाने' और 'जैसलमेर का गुंडाराज' नामक पुस्तकें लिखी।

सही कूट का चयन कीजिए–

(1) A, B (2) C, D

(3) 1 व 2 दोनों (4) A, B व D [3]

99. सुमेलित कीजिए–

समाचार पत्र	स्थान
A. मारवाड़ गजट	1. जोधपुर
B. देश हितैषी	2. अजमेर
C. राजस्थान	3. ब्यावर
D. लोकवाणी	4. जयपुर

कूट :

	A	B	C	D
(1)	1	2	3	4
(2)	2	3	4	1
(3)	3	4	2	1
(4)	4	3	2	1

[1]

100. देशी रजवाड़ों की प्रजा के आन्दोलन को सक्रिय समर्थन देने का प्रस्ताव कांग्रेस ने पारित किया?

(1) 1929 लाहौर अधिवेशन (2) 1936 कराची अधिवेशन

(3) 1938 हरिपुरा अधिवेशन (4) उपरोक्त में से कोई नहीं [3]

101. 'राजस्थान के एकीकरण' से सम्बन्धित कथनों पर विचार कीजिए–

A. प्रथम चरण का मत्स्य नाम श्री कन्हैयालाल माणिक्यलाल मुंशी के सुझाव पर रखा गया।

B. द्वितीय चरण का निर्माण 18 मार्च, 1948 को पूर्ण हुआ।

C. तृतीय चरण का प्रधानमंत्री माणिक्यलाल वर्मा को बनाया गया।

D. वृहत राजस्थान का निर्माण संयुक्त राजस्थान में जयपुर, बीकानेर, अजमेर, टोंक रियासतों को मिलाकर हुआ।

सही कूट का चयन कीजिए–

(1) A, B (2) A, C

(3) A, B, C (4) A, B, C, D [2]

Join उत्कर्ष Vyas Bhwan, 1st A Road, Sardarpura, Jodhpur Tel. 0291-2630146, 9314030146

102.मीनाकारी की कला राजस्थान में सर्वप्रथम किसके द्वारा लाई गई?
(1) गजसिंह (2) मानसिंह
(3) जसवंतसिंह (4) जयसिंह [2]

103.निम्नलिखित में से कौनसा तत् वाद्य नहीं है–
A. कामायचा B. सारंगी
C. भपंग D. इकतारा
E. अलगोजा
कूट –
(1) A, B (2) केवल D
(3) केवल E (4) 2 और 3 दोनों [3]

104. राजस्थान के लोक नृत्य एवं उसके प्रचलन क्षेत्र के संबंध में निम्नलिखित में कौनसा युग्म सही नहीं है–
(1) चंग नृत्य – शेखावटी (2) बिंदौरी नृत्य – झालावाड़
(3) लुम्बर नृत्य – जालौर (4) झाँझी नृत्य – मेवाड़ [4]

105. चारबैत, जो राजस्थान की प्रचलित लोक गायन शैली है, कहाँ की प्रसिद्ध है?
(1) जैसलमेर (2) टोंक
(3) बांसवाड़ा (4) श्री गंगानगर [2]

106.गोमा–मीणा, कालूबीर कान–गूजरी, मियामेड़ व नाहर आदि–
(1) छोटी–लघु नाटिकाएं हैं जिनका मंचन गवरी उत्सव में किया जाता है।
(2) सब गवरी उत्सव के पात्र हैं जो नृत्य करने में निपुण हैं।
(3) गवरी उत्सव के सभी पात्र हैं जो पुरुषों का अभिनय करते हैं।
(4) गवरी नाट्य के प्रमुख वाद्ययंत्र है। [1]

107.रामा, नाथा, छज्जू और सेफू चित्रकला की किस शैली से संबंधित चित्रकार है–
(1) अलवर शैली (2) जोधपुर शैली
(3) मेवाड़ शैली (4) जयपुर शैली [2]

108.राजस्थान के उत्तरी–पश्चिमी रेगिस्तान की प्रमुख नदियाँ है–
(1) लूनी, मोरेल, घग्घर, पश्चिमी बनास
(2) लूनी, साबरमती, सूकड़ी–घग्घर, पश्चिमी बनास
(3) चम्बल, काली सिन्ध, पार्वती, माही
(4) जवाई, बाँडी, लूनी, सूकड़ी, घग्घर [4]

109.राजस्थान के किन जिलों में वालरा कृषि की अधिकता है?
(1) डूँगरपुर, बाँसवाड़ा (2) सिरोही, उदयपुर
(3) चित्तौड़गढ़, राजसमंद (4) जालौर, पाली [2]

110.निम्न में से फसल एवं किस्मों का कौनसा युग्म असंगत है–
(1) मक्का – माही कंचन व माही धवल
(2) चावल – कावेरी, चम्बल व परमल
(3) गेहूँ – मैक्सिकन व कोहिनूर
(4) मूँगफली – चन्द्र व कुफरी [4]

Join उत्कर्ष Vyas Bhwan, 1st A Road, Sardarpura, Jodhpur Tel. 0291-2630146, 9314030146

111.राजस्थान के प्रमुख महत्वपूर्ण लिग्नाइट संसाधन स्थित है–

(1) पलाना, आंगूचा और मेड़ता (2) पलाना, कपूरड़ी और सोनू

(3) कपूरड़ी, मेड़ता और पलाना (4) कपूरड़ी, मेड़ता और सोनू [3]

112.राजस्थान में जस्ते व गलाई संयंत्र किस स्थान पर है?

A. देबारी B. रामपुरा–आगूचा

C. चंदेरिया D. जावर एवं चंदेरिया

कूट–

(1) A, B, C व D (2) A, B

(3) A, B व C (4) A, C [4]

113.निम्न में से कौनसा जिला नर्मदा नहर से सिंचित है?

(1) सिरोही (2) डूंगरपुर

(3) बाड़मेर (4) उदयपुर [3]

114.कथन – अरावली पर्वतमाला अनाच्छादान के प्रभाव में घिस–घिसकर नीची हो गई है।

कारण – अरावली विश्व की प्राचीनतम वलित पर्वतमाला है।

उपर्युक्त में से कौनसा निष्कर्ष सत्य है–

(1) कथन और कारण दोनों सही है तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है।

(2) कथन और कारण दोनों सही है लेकिन कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं करता है।

(3) कथन सही है लेकिन कारण गलत है।

(4) कथन गलत है जबकि कारण सही है। [2]

115. सुमेलित कीजिए–

प्राकृतिक प्रदेश	जिला
A. उत्तरी–पश्चिमी रेगिस्तान	1. बांसवाड़ा
B. पूर्वी मैदान	2. जैसलमेर
C. मध्यवर्ती पहाड़ी मैदान	3. अलवर
D. दक्षिणी–पूर्वी पठार	4. कोटा

कूट :

	A	B	C	D
(1)	1	2	3	4
(2)	2	3	1	4
(3)	3	4	2	1
(4)	4	2	1	3

[2]

Join उत्कर्ष Vyas Bhwan, 1st A Road, Sardarpura, Jodhpur Tel. 0291-2630146, 9314030146

116.राज्य खनिज–नीति का उद्देश्य रहा है–
(1) खनन–कार्य में रोजगार बढ़ाना, विशेषतया जनजाति के लोगों के लिए
(2) इनका निर्यात बढ़ाना
(3) खनिज–आधारित उद्योगों का विकास करना
(4) उपर्युक्त सभी [4]

117.भोराट का पठार राजस्थान के किन जिलों में फैला है?
(1) बांसवाड़ा व डूंगरपुर (2) उदयपुर व राजसमंद
(3) डूंगरपुर व चित्तौड़गढ़ (4) चित्तौड़गढ़ व बाँसवाड़ा [2]

118.कथन – राजस्थान के पश्चिमी मरूस्थलीय जिलों में आजकल भरपूर खाद्यान्न फसलें उत्पन्न होती है।
कारण – इन्दिरा गांधी नहर से जैसलमेर और बाड़मेर जिलों में सिंचाई की सुविधाएँ प्रदान की कर दी है।
कूट –
(1) कथन सही है और कारण भी सही है।
(2) कथन गलत है और कारण भी गलत है।
(3) कथन सही है परन्तु कारण गलत है।
(4) कथल गलत है, परन्तु कारण सही है। [4]

119.राजस्थान में भूरी मिट्टी का प्रसार क्षेत्र है?
(1) बनास नदी का प्रवाह क्षेत्र
(2) राजस्थान का दक्षिण– भाग
(3) हाड़ौती–पठार
(4) अरावली के दोनों तरफ के भाग [1]

120.राजस्थान में प्रस्तावित सीतापुरा 'निर्यात–संवर्धन औद्योगिक पार्क (EPIP) को निम्न की सहायता से स्थापित किया गया है?
(1) जापान (2) विश्व बैंक
(3) भारत सरकार (4) अन्तर्राष्ट्रीय विकास अभिकरण [3]

121.निम्न कर–स्रोतों से सर्वाधिक राजस्व राजस्थान को किस स्रोत से मिलता है–
(1) राज्य का केन्द्रीय करों में अंश
(2) राज्य का स्वयं के उत्पाद–शुल्क (Excise Duty) का राजस्व
(3) राज्य का मुद्रांक व पंजीयन शुल्क
(4) बिक्रीकर (Sales Tax) [4]

122.जयपुर जिले में मानपुरा–माचेड़ी को विकसित किया गया?
(1) सॉफ्टवेयर कॉम्प्लेक्स के रूप में
(2) हार्डवेयर कॉम्प्लेक्स के रूप में
(3) लेदर (चमड़ा) कॉप्लेक्स के रूप में
(4) हैण्डीक्राफ्ट कॉप्लेक्स के रूप में [3]

Join उत्कर्ष Vyas Bhwan, 1st A Road, Sardarpura, Jodhpur Tel. 0291-2630146, 9314030146

123.कंवरसैन लिफ्ट कैनाल से पेयजल मिलता है–
(1) बीकानेर शहर व प्रोजेक्ट क्षेत्र के 99 गांवों को
(2) चूरू जिले के गांवों को
(3) जोधपुर शहर को
(4) इनमें से किसी को नहीं [1]

124. सुमेलित कीजिए–

झील/बांध	जिले
A. मोरेल बांध	1. उदयपुर
B. नक्की झील	2. भीलवाड़ा
C. जयसमंद	3. सिरोही
D. मेजा बांध	4. सवाई माधोपुर

कूट :

	A	B	C	D
(1)	1	2	3	4
(2)	4	3	2	1
(3)	4	3	1	2
(4)	3	4	2	1

[3]

125.राजस्थान को 'बीमारू' राज्यों की श्रेणी में क्यों रखा जाता है?
(1) यहां प्रति व्यक्ति आय कम है।
(2) यहां जनसंख्या में गरीबी का अनुपात ऊँचा है।
(3) यहाँ जनसंख्या सम्बन्धी सूचकों जैसे जन्म–दर, साक्षारता दर, शिशु–मृत्युदर आदि की दृष्टि से प्रतिकूल दशाएँ पायी जाती है।
(4) यहाँ ज्यादा लोग बीमार रहते हैं [3]

126.राजस्थान का पहला निर्यात प्रोत्साहन औद्योगिक पार्क (EPIP) कहां विकसित किया गया था?
(1) भिवाड़ी (2) सीतापुरा (जयपुर)
(3) कोटा (4) इनमें से कोई नहीं [2]

127.नाबार्ड है–
(1) विकास से सम्बन्धित गैर–एजेन्सी बैंकिंग
(2) कृषि एवं ग्रामीण विकास का राष्ट्रीय बैंक
(3) पूर्ण ग्रामीण विकास के लिए नया स्वीकृत बैंक
(4) इनमें से कोई नहीं [2]

128.27 मार्च, 2016 को किस राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू करने की घोषणा की?
(1) असम (2) अरूणाचल प्रदेश
(3) केरल (4) उत्तराखण्ड [4]

129.हाल ही में प्रकाश में रही 'उदय' योजना किस क्षेत्र से सम्बद्ध है?
(1) निर्यात (2) विद्युत (3) सड़क–परिवहन (4) अन्तरिक्ष [2]

Join उत्कर्ष Vyas Bhwan, 1st A Road, Sardarpura, Jodhpur Tel. 0291-2630146, 9314030146

130.भारत सरकार ने जनवरी, 2016 में कोसी बेसिन परियोजना के लिए एक ऋण समझौता किया है इससे सम्बन्धित निम्न में से कौनसा कथन असत्य है–

A. यह परियोजना बिहार से सम्बद्ध है।

B. कोसी बेसिन परियोजना के लिए 250 मिलियन का ऋण समझौता किया गया।

C. इस परियोजना से झारखण्ड और बिहार दोनों लाभान्वित होंगे।

कूट–

(1) केवल A (2) केवल B

(3) केवल C (4) B, C [3]

131.भारत और फ्रांस के बीच सम्पन्न समझौते में भारत के किन तीन शहरों के नाम का चयन स्मार्ट सिटी परियोजना के लिए किया गया?

(1) नागपुर, चण्डीगढ़, पुदुचेरी (2) नागपुर, पुदुचेरी, लखनऊ

(3) नागपुर, चण्डीगढ़, अहमदाबाद (4) दिल्ली, नागपुर, वाराणसी [1]

132.63वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों से सम्बन्धित निम्न युग्मों पर विचार कीजिए–

A. सर्वश्रेष्ठ अभिनेता व अभिनेत्री – अमिताभ बच्चन और कंगना रनौत

B. सर्वश्रेष्ठ फिल्म – बाहुबलि : द बिगिनिंग

C. सर्वश्रेष्ठ नृत्य निर्देशक – रेमो डिसूजा (दम लगा के हईशा)

D. सर्वश्रेष्ठ बाल फिल्म – दूरन्तो

उपरोक्त में कौनसे युग्म सुमेलित है–

(1) A, B (2) A, B, C

(3) B, C (4) A, B, D [4]

133. सुमेलित कीजिए–

पुस्तक	लेखक
A. द मेकिंग ऑफ इंडिया द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ ब्रिटिश एन्टरप्राइज	1. करतार लालवानी
B. द कल्चर हेरिटेज़ ऑफ ट्रांस हिमालयाज किन्नौर	2. पी.एस. नेगी लोक्ट्स
C. अर्ली हिन्दू टेम्पल ऑफ गुजरात	3. वरूण मायरा
D. इन अदर वर्ड्स	4. झुम्पा लाहिड़ी

कूट :

	A	B	C	D
(1)	1	2	3	4
(2)	2	3	4	1
(3)	3	4	2	1
(4)	2	4	3	1

[1]

Join उत्कर्ष Vyas Bhwan, 1st A Road, Sardarpura, Jodhpur Tel. 0291-2630146, 9314030146

134.'स्टैण्ड अप इण्डिया' से सम्बन्धित कथनों पर विचार कीजिए–

A. अनुसूचित जाति/जनजाति तथा महिला उद्यमियों के लिए केन्द्र सरकार की स्टैण्ड अप इण्डिया योजना का औपचारिक शुभारम्भ प्रधानमंत्री ने बाबू जगजीवन राम की जयंती पर 5 अप्रैल, 2016 को किया।

B. इस योजना का उद्देश्य इस वर्ग के लोगों में उद्यमशीलता को बढ़ावा देना है।

C. अगले तीन वर्षों में 2016–18 के दौरान ढाई लाख नए उद्यमों की स्थापना इससे देशभर में हो सकेगी।

उपर्युक्त कथनों में सत्य कथन का चयन कीजिए–

(1) केवल A (2) केवल B

(3) केवल C (4) A, B, C [4]

135.साहित्य का प्रतिष्ठित 'सरस्वती सम्मान' किसे प्रदान करने की घोषणा 12 अप्रैल, 2016 को की गई?

(1) पद्मा सचदेव (2) दीपक कुमार पाण्डेय

(3) गोपाल दास नीरज (4) नीलम सक्सैना [1]

136.महबूबा मुफ्ती ने अप्रैल, 2016 में जम्मू–कश्मीर राज्य की प्रथम महिला मुख्यमंत्री होने का गौरव प्राप्त किया है। यह किस विधानसभा क्षेत्र से विधायक है?

(1) कूपवाड़ा (2) पहलगाम

(3) गुलमर्ग (4) किसी से भी नहीं [4]

137.भारत में अप्रैल, 2016 में आयोजित पुरुष टी–20 विश्व कप में सम्बन्ध में निम्न में कौनसा असत्य है?

(1) विजेता टीम – वेस्टइंडीज (2) उपविजेता टीम – भारत

(3) प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट – विराट कोहली

(4) फाइनल मैच में प्लेयर ऑफ द मैच – मर्लोल सैमुअल्स [2]

138.निम्नलिखित नई नियुक्तियों में सुमेलित नहीं है–

(1) अध्यक्ष, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड – अनुराग ठाकुर

(2) भारतीय नौसेना अध्यक्ष–एडमिरल सुनील लाम्बा

(3) अध्यक्ष, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज – अजय मित्तल

(4) अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद् के प्रथम स्वतंत्र चेयरमैन – शशांक मनोहर [3]

139.'सी हैरियर' (Sea Harrier) क्या है?

(1) सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल

(2) सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल

(3) भारतीय नौसेना का लड़ाकू विमान

(4) इसरो द्वारा अंतरिक्ष में प्रक्षेपित उपग्रह [3]

140.अन्तर्राष्ट्रीय योग का आयोजन 21 जून को किया जा रहा है। वर्ष 2016 के अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम है?

(1) सतत विकास लक्ष्यों के लिए योग (2) विश्व शांति के लिए योग

(3) सम्पूर्ण स्वास्थ्य के लिए योग (4) मानव कल्याण के लिए योग [1]

Join उत्कर्ष Vyas Bhwan, 1st A Road, Sardarpura, Jodhpur Tel. 0291-2630146, 9314030146

141.दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता विधेयक–2016 से सम्बन्धित कथनों पर विचार कीजिये–

A. दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता विधेयक 2016 (The Insolvency and Bank Ruptcy Code, 2016) राज्यसभा में 11 मई, 2016 को पारित किया गया।

B. यह विधेयक संयुक्त संसदीय समिति की सिफारिशों पर आधारित है।

C. इस विधेयक को भूपेन्द्र यादव की अध्यक्षता में बनाई गई दिवाला व शोधन अक्षमता संहिता 2015 के आधार पर तैयार किया गया।

कूट–

उपर्युक्त में से सत्य कथन कौनसा है?

(1) केवल A (2) B, C
(3) 1 व 2 दोनों (4) इनमें से कोई नहीं [3]

142.मई 2016 में किस राज्य में जैन समुदाय को अल्पसंख्यक का दर्जा देने की घोषणा की गई है?

(1) मध्यप्रदेश (2) महाराष्ट्र
(3) हिमाचल प्रदेश (4) गुजरात [4]

143.निम्न में से कौनसा कथन असत्य है?

(1)राजस्थान बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष मनन चतुर्वेदी है।
(2) राजस्थान उपभोक्ता संरक्षण आयोग की अध्यक्ष निशा गुप्ता है।
(3) राजस्थान महिला आयोग की अध्यक्ष सुमन शर्मा है।
(4) राजस्थान अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष सरदार मनजीत सिंह है। [4]

144.30 मार्च 2016 को राजस्थान दिवस समारोह में राज्यपाल द्वारा राजस्थान रत्न पुरस्कार किसे प्रदान किया गया?

(1) डॉ. पुनीत भार्गव (2) डॉ. मंजुल भार्गव
(3) डॉ. ऋचि भार्गव (4) डॉ. मनीष भार्गव [2]

145.राजस्थान का पहला शराब मुक्त गांव है–

(1) काछबली (2) गंगाला
(3) रामसिंहपुरा (4) नाणी [1]

146.'ऑपरेशन आयरन फीस्ट' का संबंध है–

(1) वायुसेना से (2) केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल से
(3) सीमा सुरक्षा बल से (4) थल सेना से [1]

Join उत्कर्ष Vyas Bhwan, 1st A Road, Sardarpura, Jodhpur Tel. 0291-2630146, 9314030146

147. 'काउण्टर टेरेरिज्म कांफ्रेंस 2016' से सम्बन्धित कथनों पर विचार कीजिए–

A. जयपुर में इस समारोह का उद्‌घाटन राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी ने किया।

B. दो दिवसीय समारोह में कॉंफ्रेंस में वैश्विक स्तर पर आतंकवाद के मुद्दे पर चर्चा की गई।

C. कार्यक्रम की अध्यक्षता रेलमंत्री सुरेश प्रभु ने की एवं मुख्य अतिथि अफगानिस्तान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. अब्दुल्ला थे।

D. यह इस तरह का पहला आयोजन था।

सही कूट का चयन कीजिए–

(1) A, B (2) B, C
(3) A, B, C (4) सभी सत्य [3]

148. 20–22 फरवरी, 2016 की अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त 37वाँ मरुमहोत्सव का आयोजन कहाँ किया गया?

(1) जैसलमेर (2) बीकानेर
(3) बाड़मेर (4) श्रीगंगानगर [1]

149. 'महाजन फील्ड फायरिंग रेंज' से सम्बन्धित कथनों पर विचार कीजिए–

A. भारतीय थल सेना का बड़ा युद्धाभ्यास 'शत्रुजीत 2016' फील्ड फायरिंग रेंज (बीकानेर) में सम्पन्न हुआ।

B. यह सैन्य अभ्यास मथुरा बेस की स्ट्राइक–1 कोर के मार्गदर्शन में किया गया।

C. पश्चिमी सीमा के निकट शत्रुजीत भारतीय थल सेना का दूसरा बड़ा युद्धाभ्यास है।

सही कूट का चयन कीजिए–

(1) केवल A (2) केवल B
(3) A, B (4) A, B, C [4]

150. सुमेलित कीजिए–

A. पांचवां वित्त आयोग — 1. डॉ. ज्योति किरण
B. प्रदेश भाजपा अध्यक्ष — 2. अशोक परनामी
C. लोक लेखा समिति — 3. प्रद्युम्न सिंह
D. लोकायुक्त — 4. सज्जनसिंह कोठारी

कूट :

	A	B	C	D
(1)	1	2	3	4
(2)	2	3	4	1
(3)	3	4	2	1
(4)	4	3	2	1

[1]

Join उत्कर्ष Vyas Bhwan, 1st A Road, Sardarpura, Jodhpur Tel. 0291-2630146, 9314030146